दिन– मंगलवार दिनांक– 06 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला में आज राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इससे पहले वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने भी श्री मोदी के साथ एक बैठक की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ भी प्रधानमंत्री की अलग–अलग बैठकें हो चुकी है।

---

केंद्र सरकार ने राज्यों को सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल मॉक ड्रिल कराने का निर्देश दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह मॉक ड्रिल देश के दो सौ चौवालीस वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक होगा। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन कल होने वाले मॉक ड्रिल को लेकर राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक कर रहे हैं। नागरिक सुरक्षा महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हैं।

इधर, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बिहार में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस अधीक्षक और रेल एसपी को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये हैं। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष एहतियात बरतने और चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया है। इसके अलावा सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और सार्वजनिक तथा संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एडीजी, विधि व्यवस्था पंकज दराद ने अफवाहों को लेकर सतर्कता बरतने और सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज तीसरा दिन है। बेगूसराय के बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में फुटबॉल स्पर्धा के बालक वर्ग में मेघालय ने चंडीगढ़ पर दस–एक से

शानदार जीत दर्ज की। तेघड़ा के यमुना भगत स्टेडियम में एक अन्य मैच में ओडिसा ने पश्चिम बंगाल को दो–एक से हराया। सेपक टकरा के आज होने वाले मुकाबलों में क्वालीफाइंग टीमें स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगी। तैराकी की चार सौ मीटर, सौ मीटर और दो सौ मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक तथा बटरफ्लाई श्रेणियों में पदक दांव पर होंगे। चार सौ मीटर फ्रीस्टाइल श्रेणी का फाइनल भी आज होगा। निशानेबाजी प्रतियोगिताएं नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में हो रही हैं। पचास मीटर राइफल और दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे।

इधर, बालिकाओं की साईकलिंग प्रतियोगिता में बिहार की सुहानी कुमारी को रजत पदक मिला है। इस स्पर्धा में राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने स्वर्ण और महाराष्ट्र की आकांक्षा महेत्रे ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तृतीय चरण की अध्यापक नियुक्ति परीक्षा परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने आज पटना में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंक–झोंक हुई। पुलिस ने अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज भी किया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का आरोप है कि हजारों फार्म बिना कारण बताए अस्वीकृत कर दिए गये। साथ ही अभी तक इस परीक्षा का पूरक परिणाम भी प्रकाशित नहीं किया गया।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में देर रात हल्की से मध्यम बारिश हुई है। बिहार मौसम सेवा केंद्र ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर और मुंगेर जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।